# हिंदी विवि के 'समता मैराथन' में दौड़े 7 से 63 उम्र के धावक

**पुरूष वर्ग में गजानन, शिवाजी, प्रभाकर तथा महिला वर्ग में अर्चना, अवंतिका व उर्मिला रहे प्रथम, द्वितीय, तृतीय**






पंचशील झंडा दिखाकर मैराथन दौड़ की शुरूआत करते हुए प्रतिकुलपति प्रो.ए.अरविंदाक्षन।

वर्धा, 15 अप्रैल, 2011; भारत के संविधान शिल्पी, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की जयन्ती के अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के फैकल्टी एण्ड ऑफिसर्स क्लब की ओर से आयोजित समता मैराथन दौड़ में 7 से 63 वर्ष के धावकों ने दौड़ लगायी। इसमें पुरूष वर्ग में गजानन, शिवाजी, प्रभाकर तथा महिला वर्ग में अर्चना, अवंतिका व उर्मिला क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृर्तीय स्थान पर रहे। प्रतिकुलपति प्रो.ए.अरविंदाक्षन ने पंचशील झंडा दिखाकर बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा प्रतिपादित समता मूलक समाज की अवधारणा को समर्पित समता मैराथन प्रतियोगिता की औपचारिक शुरूआत की। सूरज की पहली किरण से धावक उष्मा प्राप्त कर प्रतियोगिता में आगे बढने की होड़ में दुर्गम पहाड़ी स्थान को पार करते गए। जगह-जगह सुरक्षा कर्मी तैनात थे, धावकों को पर्ची दी गई थी, सुरक्षा कर्मी उनसे पर्ची प्राप्त करते गए। समता मैराथन में बच्चे, बूढे, युवा, शैक्षणिक कर्मी, गैर-शैक्षणिक कर्मी, विद्यार्थी एक साथ पंक्तिबद्ध थे मानो कि उनमें किसी तरह की गैर-बराबरी न हो। ।

विश्वविद्यालय के फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास परिसर से यह दौड़ परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप प्रेमचंद मार्ग से होते हुए केंद्रीय पुस्तकालय, प्रशासनिक भवन, गांधी हिल, सावित्री बाई फुले महिला छात्रावास, शमशेर संकुल, साहित्य विद्यापीठ, अज्ञेय संकुल, आदि के सामने से गुजरते हुए अपने प्रस्थान बिंदु पर समाप्त हुई। करीब 3.5 किलोमीटर की दूरी की मैराथन दौड़ में पहली बार विश्वविद्यालय के अधिकारी, शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक कर्मी, शोधार्थी व विद्यार्थी एक साथ दौड़े। विश्वविद्यालय द्वारा डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कवि आलोक धन्वा, राजकिशोर व प्रो.लेला कारूण्यकरा के हाथों मैराथन प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में गजानन ठाकरे, शिवाजी नायक, प्रभाकर राय, महिला वर्ग अर्चना शर्मा, अवंतिका शुक्ला, उर्मिला व बच्चे वर्ग में नीतिश, दीपक, पीयूष को क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृर्तीय पुरस्कार तथा पुरूषोत्तम, योगेश तिवारी, लक्ष्मण हिवन, सुमेत वाघमारे, योगेश उमाले को प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में नगद राशि प्रदान की गई।

- अमित कुमार विश्वास